पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने होली की बधाई दी
– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————

लखनऊः 27 मार्च, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने होली के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की है।

रंगों के पर्व होली के अवसर पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि होली का पावन पर्व हम सभी को भेदभाव भुलाकर आपसी सौहार्द एवं सद्भाव के वातावरण को बनाये रखने का सन्देश देता है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे वर्तमान कोरोना महामारी की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए भीड़–भाड़ में जाने से बचे तथा कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुए होली पर्व का आनन्द लें।

————————

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (191/36)